ण

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
कार्यालय -होशंगाबाद रोड़, भोपाल (म.प्र.) 462026

क्रमांक : 822/अकादमी/पी.एच.डी./22

भोपाल, दिनांक : 12/10/2022

//अधिसूचना//

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि पी-एच.डी. प्रवेश परीक्षा (DET-2022) की आर.ए.सी. (Research Advisory Committee) के साक्षात्कार में चयनित हुये अभ्यार्थियों के लिए कोर्सवर्क कक्षाएँ विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभागों में आरम्भ की जाना है । कोर्सवर्क में सम्मिलित होने से पूर्व अध्यादेश क्रमांक 11 की कंडिका 11 (Appendix II) अनुसार विश्वविद्यालय वेबसाइट **WWW.bubhopal.ac.in** पर ऑन लाईन आवेदन किया जाना अनिवार्य है।

कोर्सवर्क पंजीयन हेतु आवेदन के पूर्व पात्रता प्रमाणपत्र हेतु ऑनलाईन आवेदन करना अनिवार्य है, तत्पश्चात् ही कोर्सवर्क पंजीयन हेतु पोर्टल पर ***ऑनलाईन*** आवेदन किया जा सकेगा। पात्रता प्रमाणपत्र एवं कोसवर्क पंजीयन हेतु विश्वविद्यालय /एम.पी.आनॅलाईन पोर्टल पर दिनांक 14.10.2022 से अंतिम तिथि दिनांक 26.10.2022 तक आवेदन किया जा सकता है। दिनांक 27.10.2022 से दिनांक 02.11.2022 तक विलम्ब शुल्क रू 1000/- सहित आवेदन किया जा सकता है। निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात किसी भी परिस्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। शुल्क की जानकारी निम्नानुसार हैः-

1. **पात्रता शुल्क की जानकारी**

1	पात्रता प्रमाण पत्र शुल्क	राशि रू. 300/-

2. **कोर्सवर्क शुल्क की जानकारी**

स.क.	विवरण	शुल्क
1.	पंजीकरण शुल्क	5000/-
2.	पी-एच.डी. कोर्सवर्क शुल्क (एक बार) समस्त अभ्यार्थियों के लिए ।	5000/-
3.	वि.वि पुस्तकालय की कॉशन मनी (Refundable)	5000/-
4.	विश्वविद्यालय का पुस्तकालय शुल्क रू 200/- प्रति माह (06 माह)	1200/-
	कुल राशि रू	रू 16,200/-
	अध्यादेश-11 की कंडिका 11ए अनुसार जिन(एम.फिल उत्तीर्ण) अभ्यार्थियों को कोर्सवर्क से छूट है, उनको क 2 पर अंकित कोर्सवर्क शुल्क को छोडकर शेष शुल्क जमा करना है।	

अभ्यार्थियों के लिए आवश्यक निर्देशः-

1. ऑन लाईन आवेदन उपरांत वांछित दस्तावेजों की छायाप्रति स्वयं प्रमाणित/ राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित करना अनिवार्य है, तत्पश्चात् आनलाईन पात्रता आवेदन के साथ समस्त दस्तावेज की कागज प्रति (Hard Copy) के साथ अपने समस्त दस्तावेजों की मूल प्रति (**Origional**) पात्रता शाखा में अंतिम तिथि के पूर्व प्रस्तुत कर सत्यापन कराना होगा, इसके पश्चात् ही पात्रता प्रमाण पत्र जारी किया जा सकेगा ।
2. पात्रता आवेदन पत्र के साथ 10वीं,12वीं (अथवा समकक्ष),स्नातक तथा स्नोतकोत्तर (समस्त वार्षिक/सेमेस्टर) की अंकसूची लगाना अनिवार्य होगा ।
3. पात्रता हेतु अपात्र पाये गयें अभ्यार्थियों को कोर्सवर्क में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं होगी ।
4. डी.ई.टी 2022 में चयनित अभ्यार्थीयों की कोर्सवर्क कक्षाओं की समय-सारणी पृथक से विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शितकी जावेगी । अतः विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अवलोकन करते रहें ।
5. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि में कोर्सवर्क पंजीयन नहीं कराने वाले अभ्यार्थियों को कोर्सवर्क कक्षाओं में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं होगी।
6. शोधकेन्द्र हेतु देय निर्धारित शुल्क अभ्यार्थी द्वारा संबंधित शोधकेन्द्र पर नियमानुसार अनिवार्यतः जमा करना होगा।

पात्रता प्रमाणपत्र एवं कोर्सवर्क पंजीयन हेतु विश्वविद्यालय /एम.पी.आनॅलाईन पोर्टल पर दिनांक 14.10.2022 से अंतिम तिथि दिनांक 26.10.2022 तक आवेदन किया जा सकता है। दिनांक 27.10.2022 से दिनांक 02.11.2022 तक विलम्ब शुल्क रू 1000/- सहित आवेदन किया जा सकता है।

कुलसचिव

पृ.क्रमांक 823../अकादमी/पी.एच.डी./22

भोपाल, दिनांक : 12/10/2022

प्रतिलिपिः-

1. सर्व संबंधितो की ओर सूचनार्थ ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/अध्यक्ष,अध्ययन मण्डल, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की सूचनार्थ प्रस्तुत ।

Adhisuchna DET 2022 course work fee

3. प्रभारी, वेबसाइट प्रकोष्ठ, की ओर अपलोड़ करने के आशय से प्रस्तुत ।
4. प्रभारी, मित्र कार्यालय, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल ।
5. [illegible]-कुलसचिव परीक्षा/गोपनीय बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
6. माननीय कुलपतिजी की ओर निज सहायक के माध्यम से सूचनार्थ ।
7. माननीय कुलसचिवजी की ओर निज सहायक के माध्यम से सूचनार्थ ।
8. संबंधित नस्ती ।

उप-कुलसचिव (अकादमी)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल

Adhisuchna DET 2022 course work fee